# मुख्य तथ्य

1. ''अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियां एवं ऋण की तिमाही सांख्यिकी - सितंबर 2007'' सितंबर 2007 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों और सकल बैंक ऋण पर आँकड़े दर्शाती है। ये आँकड़े मूलभूत-सांख्यिकीय विवरणियों (बीएस्आर)-7 पर आधारित होते हैं जिसे अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सम्मिलित) की सभी शाखाओं से प्राप्त किया जाता है।

2. सितंबर 2007 तिमाही से वर्तमान विवरण सं. 2 को अतिरिक्त सौ केन्द्रों से ब़ढाया जा रहा है, इसलिए जमाराशियों/ऋण की मात्रा के अनुसार सर्वोच्च्य स्तर के सौ केन्द्रों के स्थान पर सर्वोच्च्य स्तर के दो सौ केन्द्र लिए जा रहे हैं। कुल जमाराशियों की दृष्टि में शीर्ष 200 केंन्द्रो ने कुल रिपोर्टकर्ता कार्यालयो की संख्या में 30.4 प्रतिशत एवं कुल जमाराशियों में 74.4 प्रतिशत का योगदान किया, जबकि शीर्ष 100 केन्द्रों का हिस्सा कुल रिपोर्टकर्ता कार्यालयो की संख्या में 25.4 प्रतिशत एवं कुल जमाराशियों में 69.6 प्रतिशत का रहा। इसी तरह सकल बैंक ऋण के क्रम में शीर्ष 200 केन्द्रों का हिस्सा कुल बैंक ऋण में 80.8 प्रतिशत रहा जबकि शीर्ष 100 केन्द्रों ने सकल बैंक ऋण में 77.2 प्रतिशत का योगदान किया।

3. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जिन बैंक सुविधायुक्त केन्द्रों को सेवा दी उनकी संख्या 34,337 रही। इन केन्द्रों में से 28,666 एकल कार्यालय केंद्र (सिंगल ऑफिस सेंटर्स) थे और 51 केंद्र ऐसे थे जिनके बैंक कार्यालय 100 और इससे अधिक थे।

4. 34,337 बैंक सुविधायुक्त केंद्रों में से जमाराशियों के अनुसार क्रम में रखे गये शीर्ष सौ केंद्रों की जमाराशि कुल जमाराशि का 69.6 प्रतिशत और बैंक ऋण के हिसाब से शीर्ष सौ केंद्रों का बैंक ऋण कुल बैंक ऋण का 77.2 प्रतिशत था। सितंबर 2006 में शीर्ष सौ केंद्रों का योगदान कुल जमाराशि में 67.9 प्रतिशत और सकल बैंक ऋण में 76.7 प्रतिशत था। सितंबर 2007 में शीर्ष सौ केंद्रों की कुल जमा राशि में पिछले वर्ष से 27.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि सितंबर 2006 में वही बढ़ोतरी 24.7 प्रतिशत थी। शीर्ष सौ केंद्रों के सकल बैंक ऋण में सितंबर 2007 में 22.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। यह वृद्धि सितंबर 2006 में 31.8 प्रतिशत थी।

5. समूह के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने कुल जमा राशियों में 47.9 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक और इसके सहयोगी बैंकों का योगदान 22.6 प्रतिशत का रहा। अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल जमा राशियों में क्रमश: 20.3 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.0 प्रतिशत का हिस्सा रहा। सकल बैंक ऋण के संदर्भ में कुल बैंक ऋण में सर्वाधिक 47.0 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीयकृत बैंकों का रहा, जबकि इसके ठीक पीछे भारतीय स्टेट बैंक और इसके सहयोगी बैंक 22.9 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंक 20.6 प्रतिशत रहे। तुलनात्मक रुप से विदेशी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल बैंक ऋण में हिस्सा कम रहा क्रमश: 6.8 प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत।

6. अखिल भारतीय स्तर पर सितंबर 2007 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण और जमा राशियों (सी-डी) का अनुपात 71.5 प्रतिशत रहा। राज्यों / संघशासित क्षेत्रों में सर्वाधिक सी-डी का अनुपात तमिलनाडु (109.8 प्रतिशत) में देखा गया, जबकि इसके बाद चंडीगढ़ (100.2 प्रतिशत) का स्थान रहा। बैंक समूह स्तर पर सी-डी अनुपात अखिल भारतीय सी-डी अनुपात की तुलना में विदेशी बैंकों (79.9 प्रतिशत), भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंकों और अन्य अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (दोनों में 72.5 प्रतिशत) में अधिक रहा और राष्ट्रीयकृत बैंकों (70.2 प्रतिशत), और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (61.5 प्रतिशत) के मामले में कम रहा। जनसंख्या समूह के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ऋण-जमाराशि (सी-डी) अनुपात में महानगर (मेट्रोपोलिटन) केंद्रों का सी-डी अनुपात सर्वाधिक (83.2 प्रतिशत) रहा। ग्रामीण केंद्रों (60.5 प्रतिशत) और शहरी केंद्रों (56.9 प्रतिशत) का स्थान उसके बाद रहा और अर्धशहरी केंद्रों में 52.0 प्रतिशत का निम्नतम सी-डी अनुपात देखा गया।

7. जमा राशियों के आकार के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंक कार्यालयों के वितरण को देखने से यह पता चलता है कि कुल बैंक कार्यालयों में 56.8 प्रतिशत बैंक कार्यालय 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की जमा राशियों वाले थे। कुल जमा राशियों में इन बैंक कार्यालयों का योगदान 94.6 प्रतिशत और कुल बैंक ऋण में 90.9 प्रतिशत रहा। जिन कार्यालयों ने 10 करोड़ रुपये या अधिक का ऋण दिया उनका प्रतिशत 33.7 रहा। समग्र रुप में इन कार्यालयों ने कुल बैंक ऋण का 90.3 प्रतिशत दिया, जबकि कुल जमा राशियों में उनका हिस्सा 74.4 प्रतिशत रहा।

# HIGHLIGHTS

1. “Quarterly Statistics on Deposits and Credit of Scheduled Commercial Banks – September 2007” provides data on aggregate deposits and gross bank credit of Scheduled Commercial Banks as on last Friday of September 2007. The data are based on Basic Statistical Return-7, received from the branches of all Scheduled Commercial Banks (including Regional Rural Banks).

2. The coverage of statement No. 2 is being extended from September 2007 Quarter, to cover additional 100 centres; thereby covering top 200 centers arranged according to size of aggregate deposits / gross bank credit as against the present coverage of top hundred centres. Top 200 centres in terms of aggregate deposits covered 30.4 per cent of reporting offices and 74.4 per cent of aggregate deposits, as against 25.4 per cent reporting offices and 69.6 per cent aggregate deposits covered by top 100 centres. Similarly, in terms of ranking according to gross bank credit, top 200 centres accounted for 80.8 per cent of gross bank credit while top 100 centres covered 77.2 per cent of gross bank credit.

3. The number of banked centres served by scheduled commercial banks stood at 34,337. Of these centres, 28,666 were single office centres and 51 centres had 100 and more bank offices.

4. The top hundred centres, out of 34,337 banked centres, arranged according to the size of deposits accounted for 69.6 per cent of the total deposits and the top hundred centres arranged according to the size of bank credit accounted for 77.2 per cent of total bank credit. In September 2006, the corresponding share of top hundred centres in aggregate deposits and gross bank credit was 67.9 per cent and 76.7 per cent, respectively. Aggregate deposits of top hundred centres increased by 27.8 per cent in September 2007 over September 2006 compared to a growth of 24.7 per cent recorded a year ago. Growth rate of gross bank credit of top hundred centres is at 22.8 per cent in September 2007 over September 2006, compared to 31.8 per cent growth recorded in September 2006.

5. Nationalised Banks, as a group, accounted for 47.9 per cent of the aggregate deposits, while State Bank of India and its Associates accounted for 22.6 per cent. The share of Other Scheduled Commercial Banks, Foreign Banks and Regional Rural Banks in aggregate deposits was 20.3 per cent, 6.1 per cent and 3.0 per cent, respectively. As regards gross bank credit, Nationalised Banks held the maximum share of 47.0 per cent in the total bank credit followed by State Bank of India and its Associates at 22.9 per cent and Other Scheduled Commercial Banks at 20.6 per cent. Foreign Banks and Regional Rural Banks had relatively lower share in the total bank credit at 6.8 per cent and 2.6 per cent, respectively.

6. At the all–India level, the credit-deposit (C-D) ratio of All Scheduled Commercial Banks as on last Friday of September 2007 stood at 71.5 per cent. Among the States/Union Territories, the highest C-D ratio was observed in Tamil Nadu (109.8 per cent) followed by Chandigarh (100.2 per cent). At the bank group level, the C-D ratio was above the all-India ratio in respect of Foreign Banks (79.9 per cent) and State Bank of India and its Associates and Other Scheduled Commercial Banks (72.5 per cent in both cases) and was lower in case of Nationalised Banks (70.2 per cent), and Regional Rural Banks (61.5 per cent). As regards population group-wise C-D ratio of All Scheduled Commercial Banks, metropolitan centres had the highest C-D ratio at 83.2 per cent, followed distantly by rural centres (60.5 per cent) and urban centres (56.9 per cent). The semi-urban centres recorded the lowest C-D ratio at 52.0 per cent.

7. It is observed from the distribution of Scheduled Commercial Bank offices by size of deposits, that the offices with deposits of Rs.10 crore or more, accounted for 56.8 per cent of the bank offices, 94.6 per cent in terms of aggregate deposits and 90.9 per cent in total bank credit. The offices, which extended credit of Rs.10 crore or more, accounted for 33.7 per cent in terms of total number of offices. These offices together accounted for 90.3 per cent of total bank credit whereas their share in aggregate deposits was 74.4 per cent.